6,468 Teacher recruitment exam will be held in November

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षकों के 6468 पदों पर भर्ती के लिए इस वर्ष नवंबर में भर्ती परीक्षा के आयोजन की तैयारी कर रहा है। यह भर्ती वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड सैकंड 2016 प्रतियोगी परीक्षा के तहत की जाएगी। आयोग इस परीक्षा को पूर्व के पाठ्यक्रम पर ही लेगा। यहां है पूरी जानकारी...

- अब तक इस परीक्षा के लिए प्रदेश के 1 लाख 70 हजार से अधिक अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। 31 अगस्त तक आवेदन किए जा सकेंगे।

- आयोग अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार ने संकेत दिए हैं कि आयोग इस परीक्षा को नवंबर में आयोजित करा सकता है। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

- इससे पूर्व आयोग 1 अक्टूबर को जूनियर अकाउंटेंट एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन करने जा रहा है। डॉ. पंवार ने कहा कि आयोग का लक्ष्य है कि हर महीने कम से कम दो परीक्षाएं आयोजित कर सके। इसी हिसाब से तैयारी चल रही हैं।

1.70 लाख से अधिक आवेदन मिल चुके, अभी सिलसिला जारी

- आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड सैकंड 2016 के 6468 पदों के लिए ऑनलाइन फार्म भराए जा रहे हैं। अभी तक आयोग को प्रदेश के 1 लाख 70 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन मिल चुके हैं। फार्म भरने का क्रम जारी है और फार्म 31 अगस्त तक भरे जाएंगे।

नया पाठ्यक्रम नहीं

- इस परीक्षा के लिए तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों में यह शंका थी कि आयोग इस परीक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम जारी करेगा। एक सवाल यह भी उठाया जा रहा था कि आयोग इस परीक्षा का पाठ्यक्रम कब तक जारी कर देगा।

- आयोग ने इन सब की शंकाओं का समाधान करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि आयोग द्वारा यह परीक्षा पूर्व के पाठ्यक्रम के आधार पर ही ली जाएगी। अभ्यर्थी पूर्व के पाठ्यक्रम के अनुसार ही इस परीक्षा की तैयारी कर लें।

नया पाठ्यक्रम इसलिए नहीं

- आयोग सूत्रों के मुताबिक आयोग द्वारा फिलहाल नया पाठ्यक्रम इसलिए तैयार नहीं कराया जा रहा है कि इसमें 4 से 5 महीने का समय लग सकता है। आयोग की मंशा यह है कि जो अवधि पाठ्यक्रम तैयारी में लगेगी, उसमें संभवतया आयोग परीक्षा ही आयोजित करा सकता है।

- इसे देखते हुए ही आयोग न तो नया पाठ्यक्रम तैयार करा रहा है और न ही पाठ्यक्रम रिवाइज करने जा रहा है।

2013 में हुई थी 9176 पदों के लिए भर्ती

- आयोग सूत्रों के मुताबिक वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड सैकंड के 9176 पदों के लिए वर्ष 2013 में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस परीक्षा के बाद अब यह 2016 में परीक्षा हो रही है। अभ्यर्थी पूर्व के पाठ्यक्रम के आधार पर ही इस परीक्षा की तैयारी करेंगे।

पदों का विवरण एक नजर में

विषय पद

- हिंदी - 1269
- अंग्रेजी - 626
- गणित - 442
- विज्ञान - 248
- सामाजिक विज्ञान - 1531
- संस्कृत - 2295
- उर्दू - 39
- पंजाबी - 18

कुल 6468